तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, गुरुवार 14 मई 2026

10 विकास कार्यों में कोताही नहीं होगी बर्दाश्त : कादियान



12 भाजपा ने फिर लहराया परचम राजीव जैन दूसरी बार बने मेयर



### जटौला में मासूम बेटे और मां की मौत

# मां ने तीन बच्चों को जहर देकर खुद भी जान दी

**दो बेटियां दिल्ली के अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच लड़ रही जंग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

सोनीपत के गांव जटौला में एक रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई है, जहां मानसिक तनाव से जूझ रही एक महिला ने अपने तीन मासूम बच्चों को जहरीला पदार्थ खिलाने के बाद खुद भी जहर निगल लिया। इस हृदयविदारक घटना में महिला और उसके चार वर्षीय बेटे की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दो बेटियों की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

परिजनों के अनुसार जटौला निवासी संदीप कुमार का विवाह वर्ष 2014 में गांव नाहरा निवासी नेहा के साथ हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न हुआ था। इनके तीन बच्चे थे, जिनमें 13 वर्षीय पूर्वी, 7 वर्षीय समीक्षा और 4 वर्षीय मासूम रियान्श शामिल थे। संदीप ने पुलिस को बताया कि पिछले कुछ समय से नेहा मानसिक रूप से काफी परेशान चल रही थी।

इसी तनाव के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाते हुए तीनों बच्चों को जहर दे दिया और स्वयं भी उसका सेवन कर लिया। मामले की सूचना मिलते ही खरखौदा थाना पुलिस और एफएसएल (फॉरेंसिक) की टीम गांव जटौला पहुंची। पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और वहां से संदिग्ध नशीले व जहरीले पदार्थों के नमूने एकत्र किए ताकि मौत के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।

### दिल्ली के अस्पताल में तोड़ा दम

*हालत बिगड़ने पर सभी को आनन-फानन में दिल्ली के पूठ खुर्द स्थित महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन सबसे छोटे मासूम रियान्श ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कुछ ही समय बाद आरोपित महिला नेहा की भी मौत हो गई। वहीं पूर्वी और समीक्षा की गंभीर स्थिति को देखते हुए उनका सघन उपचार जारी है।*

### पुलिस कर रही जांच

*खरखौदा पुलिस ने संदीप कुमार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपित महिला के इस कदम के पीछे के कारणों की गहराई से पड़ताल की जा रही है। जांच टीम इस पहलू पर भी ध्यान दे रही है कि मानसिक तनाव की मुख्य वजह क्या थी और क्या कोई अन्य परिस्थितियां भी इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार हैं।*

## नकली हार्पिक फैक्ट्री मामले में एक गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना मुरथल पुलिस ने नकली ब्रांडेड टॉयलेट क्लीनर बनाने और बाजार में सप्लाई करने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान परवेश निवासी गांव बखेता, जिला रोहतक के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 20 अप्रैल 2026 को गांव शाहपुर तुर्क में नकली हार्पिक तैयार कर सप्लाई किए जाने की शिकायत मिली थी। इसके बाद कंपनी प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान गोदाम से 5832 भरी हुई 500 एमएल हार्पिक बोतलें, 11000 खाली बोतलें, 2750 खाली एक लीटर बोतलें, 15000 ढक्कन, 1200 रेड हार्पिक बोतलें और बड़ी संख्या में नकली स्टिकर बरामद किए गए। पुलिस ने कॉपीराइट एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मामला दर्ज किया था। बाद में आरोपित परवेश ने अदालत में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की।






**खबर संक्षेप**

### कारोबारी ने लूट की झूठी कहानी रची, केस दर्ज

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के पास पुलिस की वर्दी में बदमाशों द्वारा 15 लाख रुपये व मोबाइल लूटने की झूठी कहानी रचने वाले पानीपत निवासी बैटरी कारोबारी साहिल ग्रोवर के खिलाफ बड़ी थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपित पर झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने, धोखाधड़ी करने और पुलिस विभाग की छवि खराब करने का आरोप लगाया है।

### केमिस्ट बंद में गोहाना के व्यापारी भी होंगे शामिल

**गोहाना।** 20 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी केमिस्ट बंद में गोहाना के व्यापारी भी शामिल होंगे। गोहाना केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एसडीएम अंकित कुमार को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन की गोहाना इकाई के अध्यक्ष प्रदीप चहल और सचिव सुरेश बजाज ने कहा कि आनलाइन दवा बिक्री के कारण स्थानीय दवा व्यापार प्रभावित हो रहा है। साथ ही भारी छूट और अनैतिक प्रतिस्पर्धा से छोटे व्यापारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

### 21 विद्यार्थियों का एनसीसी में चयन

**खरखौदा।** गुरुकुल मटिंडू में 12 वीं हरियाणा बटालियन एनसीसी, सोनीपत द्वारा कैडेट्स के नामांकन की प्रक्रिया आयोजित की गई। उक्त कार्य कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अनुप रावत के निर्देशानुसार किया गया। चयन प्रक्रिया के दौरान फर्स्ट संजय कुमार, नायब सूबेदार संजय कुमार तथा हवलदार विक्रम ने विद्यार्थियों का चयन किया। जूनियर डिवीजन में 13 लड़कों तथा जूनियर विंग में 8 लड़कियों का चयन किया गया।

### वाणिज्य संकाय में अनन्या प्रथम और ईशु द्वितीय रहे

**गोहाना।** सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में गांव खानपुर कलां स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल के एमडी पंकज जाले और प्राचार्या डॉ. प्रीति शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परीक्षा में वाणिज्य संकाय में अनन्या ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम और ईशु ने विज्ञान संकाय में 93.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## 90 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का किया शिलान्यास

*लाइब्रेरी, स्कूल सौंदर्यीकरण और तालाब रिनोवेशन सहित कई प्रोजेक्ट्स का शुभारंभ*

# विकास कार्यों में कोताही नहीं होगी बर्दाश्त : कादियान

## खेड़ी गुर्जर में 11 लाख रुपये की लागत से दो खेत रास्तों का निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने बुधवार को खेड़ी गुर्जर और खिजरपुर अहीर माजरा गांव में करीब 90 लाख रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। ग्रामीणों ने विधायक का पगड़ी व फूलमालाओं से स्वागत किया। विधायक ने खेड़ी गुर्जर गांव में करीब 11 लाख रुपए की लागत से खेतों के दो रास्तों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। वहीं खिजरपुर अहीर माजरा गांव में लगभग 76.46 लाख रुपए की लागत से लाइब्रेरी, रास्ता निर्माण, स्कूल सौंदर्यीकरण, एसडब्ल्यूएम शेड, जनरल चौपाल और तालाब के रिनोवेशन सहित कई विकास कार्यों का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इसके अलावा करीब 33 लाख रुपए की लागत से लाइब्रेरी, पशु अस्पताल के पास पार्क और तीन स्वागत द्वार बनाने की घोषणा भी की गई। विधायक कादियान ने कहा कि उनकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादों को लगातार पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कई बड़े प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं और जल्द ही उन पर काम शुरू होगा।



**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए।

### नप चेयरपर्सन ने कराटे खेल नर्सरी का किया उद्घाटन



**गोहाना।** नगर परिषद (नप) गोहाना की चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने शहर के मदन लाल धींगड़ा स्टेडियम में कराटे खेल नर्सरी का रिबन काटकर विधिवत उद्घाटन किया। चेयरपर्सन ने कराटे एसोसिएशन टीम के प्रयासों की सराहना के साथ विशेष रूप से कोच अनिल भारद्वाज द्वारा बच्चों को दिए जा रहे प्रशिक्षण की प्रशंसा की। रजनी विरमानी ने कहा कि ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास एवं बेहतर भविष्य की दिशा प्रदान करते हैं। युवा पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में अवश्य भाग लें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह की प्रेरणा एवं खेलों को बढ़ावा देने वाली नीतियों के कारण आज मदन लाल धींगड़ा स्टेडियम क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए बड़ी सौगात बन चुका है।

### विधायक इंदुराज नरवाल ने प्याऊ का लोकार्पण किया



**गोहाना।** बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इन्दुराज नरवाल ने गांव रिंढाणा में कथूरा मार्ग पर बुधवार को एक प्याऊ का लोकार्पण किया। प्याऊ के लोकापर्ण से लोगों को गर्मी में पेयजल की सेवा उपलब्ध होगी। गांव रिंढाणा निवासी चांद नरवाल और सूरज नरवाल द्वारा अपने स्व. पिता रामकुमार नरवाल की पुण्य स्मृति में प्याऊ का निर्माण करवाया गया है। प्याऊ के निर्माण से लोगों को गर्मी के मौसम में पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। परिवार द्वारा बुधवार को विधायक इंदुराज नरवाल से इस प्याऊ का लोकार्पण करवाया। इस अवसर पर सरपंच चांद नरवाल, पूर्व सरपंच पिर्थी नरवाल, चत्तर सिंह, पहलवान सूरजभान, राकेश, मास्टर सुरेश, पंडित हरिओम, पंडित लाबू, रणबीर, अजीत और सोनू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से नशीली दवाइयों की बिक्री किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं : एसडीएम



**गोहाना।** एसडीएम अंकित कुमार ने शहर में विभिन्न मेडिकल स्टोरों पर औचक निरीक्षण कर दवाइयों के रिकार्ड की जांच की। प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गइ्र। एसडीएम ने कहा कि अवैध रूप से नशीली दवाइयों की बिक्री किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम अंकित कुमार ने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इससे युवाओं का स्वास्थ्य, भविष्य और परिवार प्रभावित होते हैं। युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलकूद, योग और सकारात्मक गतिविधियों से जुडना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की गतिविधियों और संगति पर नजर रखने की अपील की। इस दौरान मेडिकल स्टोर संचालकों को बिना चिकित्सक की पर्ची के प्रतिबंधित या नशीली दवाइयों की बिक्री न करने के निर्देश दिए गए।

## एनसीसी छात्रों के व्यक्तित्व विकास में अहम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राई

गोल्डन हैरियर स्कूल में मंगलवार को बटालियन एनसीसी की ओर से चयन प्रक्रिया हुई। जिसमें विद्यालय के 25 विद्यार्थियों का एनसीसी के लिए चयन किया गया।

- **गोल्डन हैरियर स्कूल में एनसीसी प्रक्रिया में 25 विद्यार्थियों का चयन**

चयन प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अनुशासन, शारीरिक क्षमता तथा आत्मविश्वास का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न शारीरिक गतिविधियों और परीक्षणों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एनसीसी अधिकारियों ने छात्रों की फिटनेस, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का आकलन किया। चयनित विद्यार्थियों ने अपने प्रदर्शन से अधिकारियों को प्रभावित किया। विद्यालय में सीटीओ वर्षा कौशिक, सूबेदार दीपक दत्त शर्मा तथा हवलदार नरेश ने विद्यार्थियों को एनसीसी के महत्व और इसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और देशसेवा



की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति दहिया ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि एनसीसी छात्रों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और उन्हें आत्मविश्वासी एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। छात्रों ने भी भविष्य में विद्यालय और देश का नाम रोशन करने का संकल्प लिया।

### एचके सीनियर सेकेंडरी स्कूल का रौनक 463 अंक के साथ रहा प्रथम




**गन्नौर ।** गांव कुराड़ इब्राहिमपुर स्थित एचके सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्र रौनक ने 500 में से 463 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह अंतिल ने बताया कि मेधावी और अनुशासित छात्रों ने अपनी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त की है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। अंतिल ने कहा कि यह सफलता निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास का परिणाम है।

### स्वामी चेतना विद्यालय की कशिश 404 अंक के साथ रही प्रथम



**गन्नौर।** स्वामी चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय में कशिश ने 500 में से 404 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं नीरज त्यागी ने 477 अंक प्राप्त दूसरा स्थान प्राप्त किया। छात्र चेतना और प्रिंस ने 469 अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की मेरिट सूची में कुल 54 विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त कर सफलता हासिल की। विद्यालय प्रबंधक राजकुमार शर्मा व प्रधानाचार्या डिंपल शर्मा ने बताया कि स्कूल के 91 छात्रों ने परीक्षा दी। 38 ने मेरिट प्राप्त की 80 प्रतिशत अंकों के साथ। बाकी छात्र प्रथम श्रेणी में पास हुए। 54 छात्रों ने 75 अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों का सहयोग रहा है।

### बीआर ग्लोबल विद्यालय का बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



**गन्नौर।** खेड़ी रोड स्थित बीआर ग्लोबल विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के चेयरमैन राकेश यादव, प्रधानाचार्या पूजा पहल ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम हर वर्ष की तरह इस बार भी शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की मेधावी छात्रा हीना ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा विद्यालय के 15 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए, जबकि 45 प्रतिशत विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। चेयरमैन राकेश यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया।


## राई विधायक ने मेयर प्रत्याशी राजीव जैन सहित अन्य विजेता पार्षदों को दी बधाई

*कार्यकर्ताओं और समर्थकों का जताया आभार*

# राई में वार्ड 6, 7 और 8 में भाजपा प्रत्याशियों की जीत पर उत्साह का माहौल : कृष्णा गहलावत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राई

सोनीपत नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई वार्डों में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। जीत से गदगद राई विधानसभा क्षेत्र की विधायक कृष्णा गहलावत ने भारतीय जनता पार्टी की मेयर प्रत्याशी राजीव जैन व अन्य विजेता पार्षदों को बधाई दी। विशेष रूप से वार्ड नंबर 6, 7 और 8 में बीजेपी प्रत्याशियों की जीत को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। चुनाव परिणाम आने के बाद विजयी प्रत्याशी निशा, मुनीराम ठोलेदार और कुणाल कौशिक सहित अन्य कार्यकर्ता विधायक कृष्णा गहलावत के कैंप कार्यालय पहुंचे



**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत कैंप कार्यालय पहुंचे नव नियुक्त निगम पार्षदो को बधाई देते हुए ।

और उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान समर्थकों ने मिठाइयां बांटकर और फूलमालाओं से स्वागत कर जीत का जश्न मनाया। विधायक कृष्णा गहलावत ने सभी विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब उनकी जिम्मेदारी और बढ़ गई है तथा उन्हें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा। उन्होंने जनता-जनार्दन, पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनहितकारी नीतियों पर जनता की मुहर बताया। सोनीपत नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी ने मेयर सहित 22 में से 17 वार्डों में जीत हासिल की है। विशेष रूप से वार्ड नंबर 6, 7 और 8 में बीजेपी प्रत्याशियों की जीत को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। विधायक कृष्णा गहलावत ने पार्षद निशा, मुनीराम ठेकेदार और कुणाल कौशिक को विशेष रूप से जीत की शुभकामनाएं दी। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि यह जीत भारतीय जनता पार्टी सरकार के विकास कार्यों, जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है।

### भाजपा की जीत विकास और जनता के विश्वास की जीत : शेखर आंतिल

**राई ।** नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। भाजपा नेता एवं जाखौली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल ने नगर निगम सोनीपत के नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन सहित विजयी भाजपा प्रत्याशियों को बधाई देते हुए इसे विकास और जनता के विश्वास की जीत बताया। उन्होंने वार्ड नंबर-7 से विजयी भाजपा प्रत्याशी लाला मुनीराम ठोलेदार तथा वार्ड नंबर-8 से विजयी प्रत्याशी कुनाल कौशिक को भी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। शेखर आंतिल ने कहा कि नगर निगम चुनाव में जनता ने भाजपा की नीतियों, विकास कार्यों और मजबूत नेतृत्व पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि मेयर पद पर राजीव जैन की जीत यह साबित करती है कि लोग शहर के विकास और पारदर्शी व्यवस्था के पक्ष में हैं। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई और पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।



## 12वीं बोर्ड परीक्षा में इन स्कूलों का रहा शानदार परिणाम

### संस्कार भारती विद्यापीठ के 19 विद्यार्थियों का मेरिट सूची में स्थान



**गन्नौर।** संस्कार भारती विद्यापीठ, कामी का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय बल्कि क्षेत्र का नाम भी रोशन किया। प्रधानाचार्य समय सिंह ने बताया कि विद्यालय के 19 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया तथा सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की। कला संकाय में तनीषा ने 475 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। अन्नु ने 474 अंक तथा दीक्षा ने 472 अंक लेकर शानदार प्रदर्शन किया। विज्ञान संकाय में महक ने 460 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया, जबकि वाणिज्य संकाय में प्रियंका ने 444 अंक हासिल कर सफलता प्राप्त की।

### एमडी स्कूल में मुस्कान प्रथम, शालु दूसरे और अंजलि तीसरे स्थान पर




**गन्नौर ।** एमडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सरढ़ाना के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रबंधक जोगिंदर सिंह मलिक ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के 56 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 48 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में मुस्कान ने 477 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। शालू ने 468 अंक लेकर दूसरा तथा अंजलि ने 467 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में अंशिका ने 474 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रितिका ने 469 अंक के साथ दूसरा और रितिक ने 465 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय के कुल 12 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक

### बाल कल्याण स्कूल की छात्रा पलक ने 478 अंक लेकर किया टॉप



**गन्नौर ।** राजलू गढ़ी स्थित बाल कल्याण सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधक ओमकांता ने बताया कि विद्यालय की छात्रा पलक ने 500 में से 478 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं परनीत ने 475 अंक लेकर दूसरा तथा प्रीति राठी ने 467 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। नॉन मेडिकल संकाय के विद्यार्थियों ने विशेष रूप से बेहतर प्रदर्शन किया। आर्ट्स संकाय में महक ने 464 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के 14 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया।

### रौनक पब्लिक स्कूल का परिणाम शानदार, लहराया सफलता का परचम




**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर का सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने बताया कि विज्ञान संकाय में वंशिका ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं हिना ने 93 प्रतिशत, लावण्या ने 92.2 प्रतिशत, सान्वी ने 90.6 प्रतिशत तथा गरिमा ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कॉमर्स संकाय में गाथा जैन ने 95 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान,नेहा ने 92 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि आर्यन ने 91.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। ह्यूमैनिटीज संकाय में ज्योत्सना ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं निधि ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की।

### शिवालिक पब्लिक स्कूल की पारुल ने प्रथम और शिक्षा ने दूसरा स्थान पाया



**गन्नौर ।** खेड़ी गुज्जर रोड स्थित शिवालिक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गन्नौर के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य रमेश पहल ने बताया कि छात्रा पारुल ने प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं शिक्षा ने प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा तथा छात्रा निया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में याचना, अन्नु, मुकुल, यश, नैना, गौरव, तन्नवी, कुणाल, वंशिका, अंजली, यशिका, अमन, शीलम, पूजा, खुशी, गरिमा, प्रवीण और राहुल सहित अन्य छात्र शामिल रहे।

### स्वर्णप्रस्थ स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**राई ।।**सीबीएसई बारहवीं बोर्ड का स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहने से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बना रहा। विद्यालय की छात्रा प्रभनूर बेदी ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं नमिता ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा पर्ल जिंदल ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से अभिभावकों एवं शिक्षकों में उत्साह देखने को मिला। कार्यवाहक प्रधानाचार्य एस.पी. सिंह ने बताया कि अकाउंट्स और मनोविज्ञान विषय में कुछ विद्यार्थियों ने पूर्णांक हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।



मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार परिणाम संभव हो पाया है।

## जिले के होनहारों ने परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन किया

# सीबीएसई : जिले का 92% रहा परीक्षा परिणाम बेटियों ने फिर भरी उड़ान, बेटों से निकलीं आगे

सीबीएसई की ओर से 17 फरवरी से 10 अप्रैल तक एक शिफ्ट में आयोजित की गई थी कक्षा 12वीं की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) के बाद बुधवार दोपहर को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। जिले के होनहारों ने परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन किया। इस बार कक्षा 12वीं का 92 प्रतिशत परिणाम रहा, जो पिछले साल की अपेक्षा बेहतर रहा। वहीं पिछले साल करीब 90 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इस वर्ष जिले में 8648 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। परीक्षा परिणाम में इस बार भी बेटियों ने ऊंची उड़ान भरते हुए बेटों को पीछे छोड़ दिया।

विद्यार्थी मंगलवार को एचबीएसई का परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद बुधवार को सीबीएसई के परीक्षा परिणाम का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। दोपहर को 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम देखने के लिए विद्यार्थियों में उत्सुकता नजर आई। सीबीएसई की कक्षा 12वीं में इस वर्ष 9400 विद्यार्थियों ने अपनी किस्मत को आजमाया था। बता दें कि सीबीएसई की ओर से इस साल कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से 10 अप्रैल तक एक शिफ्ट में आयोजित की गई थी। इस दौरान कुल 31 परीक्षा केंद्रों पर करीब 165 स्कूलों के विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। वहीं सीबीएसई ने कक्षा 10वीं का 15 अप्रैल को परीक्षा परिणाम जारी कर दिया था। इसके बाद 12वीं कक्षा के विद्यार्थी परिणाम का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। परीक्षा परिणाम जारी होने के कारण विद्यार्थियों को कॉलेजों में दाखिला लेने के लिए भी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। परीक्षा परिणाम जारी होने से छात्रों को अब कॉलेजों में दाखिला करवाने के लिए आसानी होगी।


सोनीपत। सोनीपत के शिवा शिक्षा सदन स्कूल में 12वीं के परीक्षा परिणाम के बाद खुशी जताते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### भाविका बनी जिला टॉपर

सेक्टर-15 स्थित डीएवी स्कूल की छात्रा भाविका ने 12वीं के परीक्षा परिणाम में 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है। भाविका ने बताया कि उनकी पढ़ाई का कोई तय समय नहीं था, बल्कि वह रोजाना लक्ष्य तय कर पढ़ाई करती थीं। उन्हें सुबह जल्दी उठकर पढ़ाई करना पसंद था। उन्होंने खाली समय का उपयोग रिवीजन के लिए किया। बोर्ड परीक्षाओं के दौरान वह देर रात तक और कई बार सुबह तक पढ़ाई करती थीं, ताकि अपने तय लक्ष्य पूरे कर सकें। भाविका ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों को दिया। उनके पिता राजीव सरोहा निजी नौकरी करते हैं, जबकि माता निशा सरोहा गृहिणी हैं। उनका सपना प्रशासनिक सेवा में जाकर समाज और देश के लिए कार्य करना है। इसके लिए वह आगे चलकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करेंगी। बता दें इससे पहले भाविका ने 10वीं कक्षा में भी 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे।

### बोर्ड ने मेरिट सूची नहीं की जारी

सीबीएसई की ओर से कक्षा 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। बोर्ड की ओर से विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के भाव से बचाने के लिए मेरिट सूची जारी नहीं की गई है। यही कारण है कि इस बार प्रथम, द्वितीय व तृतीय की जानकारी नहीं रहेगी। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए सीबीएसई की तरफ से डिजी लॉकर की सुविधा दी गई है, जिससे विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम आसानी से देख सकें। जिले का कुल परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा। समय पर परीक्षा परिणाम जारी करने का विद्यार्थियों को फायदा मिलेगा। विद्यार्थी परीक्षा परिणाम जानने के बाद सुनहरे भविष्य के लिए समय पर दाखिला ले सकेंगे।

-प्रेम कुमार ओझा, जिला कोऑर्डिनेटर, सीबीएसई, सोनीपत

### कंपार्टमेंट परीक्षा का मिलेगा मौका

सीबीएसई की ओर से जारी निर्देशानुसार एक या अधिक विषयों में परीक्षा पास नहीं कर पाने वाले विद्यार्थियों को इस बार भी कंपार्टमेंट परीक्षा का मौका मिलेगा। इससे उनका साल खराब नहीं होगा, वह अपने अंकों में सुधार ला सकेंगे। सीबीएसई बोर्ड की ओर से जल्द कंपार्टमेंट परीक्षा का शेड्यूल जारी किया जाएगा, जिसके बाद आवेदन प्रक्रिया शुरू हो सकेगी।

### री-इवैल्यूएशन व कॉपी जांच का विकल्प

परीक्षा परिणाम में जो विद्यार्थी अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, वह वेरिफिकेशन व री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा छात्र उत्तर पुस्तिका की फोटो कॉपी में मंगा सकेंगे, ताकि वह अपने उत्तरों की समीक्षा कर सकें। बोर्ड जल्द ही इसके लिए तारीख की घोषणा करेगा। उधर परीक्षा समाप्त होने के बाद बोर्ड ने डिजिटल सिस्टम के जरिए कॉपियों का मूल्यांकन किया, जिससे प्रक्रिया में तेज व पारदर्शिता आई। रिजल्ट जारी करने से पहले बोर्ड ने सभी अंकों का अंतिम सत्यापन भी किया, ताकि किसी तरह की त्रुटि न रहे। जांच प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद परिणाम जारी किया गया।

# ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में दीक्षांत टॉपर, सुजल ने पाया द्वितीय स्थान

- सीबीएसई की 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता हासिल की। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों को दिया। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने बताया कि 12वीं कॉमर्स संकाय में दीक्षांत ने 93 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया, सुजल ने 90.4 फीसदी अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान पाया। कला संकाय से छात्रा भाविका 90 फीसदी अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रही। विज्ञान संकाय की छात्रा अदिति ने 87 फीसदी अंक हासिल कर चौथा स्थान हासिल किया। इस दौरान नीरजा, गीता राणा, मोनिका, नमिता, मधु, मीनाक्षी, महक, सुविधा, निशा, राखी, पारुल, योगिंद्र, संजीत मौजूद रहे।


सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थी दीक्षांत, सुजल, भाविका व अदिति।

### साउथ प्वाइंट का परिणाम शत-प्रतिशत



सोनीपत। साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणाम में विभिन्न संकायों में शीर्ष स्थान प्राप्त कर स्कूल, अभिभावकों का नाम रोशन किया। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि स्कूल का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा में कुल 94 विद्यार्थी थे। इनमें 15 ने 90 % से अधिक अंक हासिल किए। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने बताया कि तरुण ने विज्ञान संकाय में 95.2 प्रतिशत व दीक्षा ने कला संकाय में 95.2 % अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रेया ने वाणिज्य संकाय में 94.8 % अंकों के साथ द्वितीय, शिवांक ने 92.6 % अंक लेकर तृतीय स्थान पाया।

## न्यूज डायरी

### ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी का परिणाम शत-प्रतिशत



सोनीपत। सीबीएसई बोर्ड की 12वीं का परिणाम घोषित होते ही ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में खुशी की लहर रही। विज्ञान संकाय, कला संकाय व वाणिज्य में छात्रों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रबंधक नीरज शर्मा, निदेशिका रीमा शर्मा ने बताया कि कला संकाय में हिमांशी मलिक ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रेरक, धैर्य वत्स, प्रीति, अक्षरा, सोफिया, कनिका, मुस्कान ने विषय विशेष में 98 से 100 तक अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य चंचल शर्मा, मीनू शर्मा, भूपेंद्र ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### प्रताप स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम रहा शानदार



खरखौदा। प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का बारहवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी अत्यंत शानदार रहा। विद्यालय के 96 विद्यार्थियों ने मैरिट तथा 108 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिसर में खुशी का वातावरण बना हुआ है। विद्यालय की छात्रा वंशिका ने 500 में से 481 अंक प्राप्त कर 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विशु ने 500 में से 465 अंक प्राप्त कर 93 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि स्नेहा ने 500 में से 459 अंक प्राप्त कर 91.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। खुशी ने 457 अंक प्राप्त कर 91.4 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत विषयों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प ही व्यक्ति को ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। विद्यालय की प्राचार्या दया दहिया व एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



### जैन विद्या मंदिर स्कूल के छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय

सोनीपत। जैन विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। प्रधान राकेश जैन, प्राचार्य डॉ. नीरू ने बताया कि कॉमर्स संकाय में आदित्य ने 96.2 प्रतिशम अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान, कला संकाय में विनय ने 89 % अंक, विज्ञान संकाय में छवि ने 88 % अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

### छात्रा अवी 95 प्रतिशत अंक लेकर बनी स्कूल टॉपर



सोनीपत। मुरथल स्थित साउथ प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल में सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। इस वर्ष 12वीं कक्षा में कुल 73 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि वाणिज्य संकाय में अवी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। कला संकाय में वंशिका ने 94.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, अवनी 93.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय रही। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा, डायरेक्टर डॉ. ममता सचदेवा ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

### रामजस विद्यालय में 67 विद्यार्थियों ने प्राप्त की मेरिट



सोनीपत। गोविंद नगर स्थित रामजस वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। परीक्षा में कुल 260 विद्यार्थी शामिल हुए, इनमें से 67 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया। इनके अलावा सभी विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। लक्ष्मी व आशा ने कंप्यूटर साइंस, तन्नु ने अंग्रेजी में 100 में से 100 अंक हासिल किए। स्कूल संचालिका रोशनी देनी ने बताया कि अंशिका ने 500 में से 486 अंक लेकर स्कूल में प्रथम, लक्ष्मी देवी ने 482 अंक लेकर द्वितीय व आशा ने वाणिज्य संकाय में 477 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के सीईओ हर्ष अहलावत ने मेधावी बच्चों को पुरस्कृत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### हैप्पी चाइल्ड विद्यालय का शानदार रहा परिणाम

सोनीपत। महलाना रोड स्थित हैप्पी चाइल्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के अध्यक्ष नरेंद्र बाल्यान, प्राचार्य सुदेश बाल्यान, उप प्राचार्य पूजा राणा ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए सभी विद्यार्थियों को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी। भविष्य में इसी प्रकार से मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि स्कूल में सोनिया 96 प्रतिशत, तनिष्का ने 94.8 प्रतिशत, वंशिका ने 93.8 % अंक लेकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा कीर्ति व पंकज ने 90.8, पार्थ व रिया 89.4, मुस्कान और हीना ने 88.6, रितिका ने 87.2, प्रिया ने 86.6 प्रतिशत, यश, रिया, जयेश, संजीव, गोपाल सहित 55 % विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की।

### एस-7 में शानदार रहा 12वीं का परीक्षा परिणाम

सोनीपत। सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल (एस-7) में सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के मैनेजर सुखप्रिय शास्त्री ने बताया कि स्कूल में निधि ने 95.4, साक्षी ने 95.4 प्रतिशत, प्राची ने 92.6, हन्नी ने 92.2, निखिल ने 90.6, रिया ने 90.6, शिवानी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा बारहवीं में अध्यनस्थ विद्यार्थियों में से 50 प्रतिशत विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। निर्देशक दीपक, प्राचार्य डॉ. अंकुर रोहिल्ला, मुख्याध्यापिका रीटा तनेजा ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

### गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन


गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई परीक्षा परिणाम में विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान पाने वाली सात्विक।

गेटवे इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता प्राप्त की। प्रधानाचार्य प्रेम कुमार ओझा ने बताया कि विज्ञान संकाय में सात्विक शर्मा ने 95.6 प्रतिशत अंक, रक्षित सरोहा ने वाणिज्य संकाय में 94 प्रतिशत अंक व कला संकाय में पायल जैन ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विज्ञान संकाय में सात्विक शर्मा प्रथम स्थान, निशिका तुशीर ने 89 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, अखिलेश वर्मा ने 88.6 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे। वहीं वाणिज्य संकाय में रक्षित सरोहा ने 94 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, उत्तम खत्री 87.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, अवनी देवेश्वर 85.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में पायल जैन ने 91.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, प्रिंस भारद्वाज ने 90.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, स्निग्धा ने 88.8 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### श्रीजी विद्यापीठ का परिणाम शत-प्रतिशत

सोनीपत। आदर्श नगर स्थित श्रीजी विद्यापीठ वमावि में एचबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्राचार्य एवं डायरेक्टर हरी कृष्ण लावानिया ने परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। बताया कि रितु ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया, अंशु ने 93 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा, सिमरन ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पाया। इनके अलावा वंदना ने 89, कोमल ने 88, अखिल ने 85, खुशी ने 83, मुस्कान खान ने 82, सेहजल ने 80 व विशाल ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस दौरान चेयरपर्सन अनीता लावनिया, शिक्षिका किरण शर्मा, सीमा, राखी, मोनिका मौजूद रही।

# इंडियन पब्लिक स्कूल में श्रुति और निधि दहिया रही अव्वल


सोनीपत। इंडियन पब्लिक स्कूल में परीक्षा परिणाम के बाद खुशी जताते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

इंडियन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणाम में अपनी उत्कृष्टता साबित करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। इस वर्ष विद्यालय के 109 विद्यार्थी बोर्ड की परीक्षा में प्रविष्ट हुए, जिसमें विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह गाहल्याण ने बताया कि श्रुति (विज्ञान संकाय) व निधि दहिया (कला संकाय) में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंतिम ने (विज्ञान संकाय) व साक्षी ने (कला संकाय) में 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और रिया ने (विज्ञान संकाय) में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 68 विद्यार्थियों ने मेरिट व 100 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की।

# जेएलएन स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

- स्कूल के 136 में से 25 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गोहाना। परीक्षा में अच्छे अंक लेने वाले विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ।

जेएलएन स्कूल गोहाना में 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता स्कूल के एमडी सुनील शर्मा एवं प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप-प्राचार्य सूरज शर्मा ने किया।

प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा नें बताया कि स्कूल की छात्रा छवि पुत्री सोहन ने 12वीं की परीक्षा में हिंदी में 100 में से पूरे 100 अंक प्राप्त किए। अदिति और ख़ुशबू ने फाइन आर्ट्स में 100 अंक प्राप्त किए तथा अन्य विषयों में विद्यार्थियों ने 99 अंक प्राप्त किए। स्कूल के 136 में से 25 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 77 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक और 100 विद्यार्थीयों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। तनिशा पुत्री सुरेश कुमार 489 अंकों के साथ स्कूल में प्रथम, छवि पुत्री सोहन 487 अंकों के साथ दूसरे और अदिति पुत्री दलवीर 482 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। शिक्षकों ने मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।


खरखौदा। पिता व प्राचार्या के साथ ब्लॉक टॉपर मुस्कान। फोटो :हरिभूमि

### रा.कन्या स्कूल की मुस्कान ने ब्लॉक में किया टॉप

खरखौदा। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा की छात्राओं ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की 12 वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय की छात्रा मुस्कान ने 96.8 प्रतिशत अंक लेकर ब्लॉक में पहला स्थान हासिल किया। मुस्कान ने अंग्रेजी में 99, पीसीए 97, फिजिक्स में 90, केमिस्ट्री में 96 और बायोलॉजी में 93 अंक प्राप्त किए। उसने कुल 500 में से 484 अंक हासिल किए हैं। मुस्कान गांव बरोना की रहने वाली है और भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती है। उसने बताया कि वह नीट परीक्षा की भी तैयारी करेगी। विद्यालय सूत्रों ने बताया कि विद्यालय की वर्षा ने आर्ट्स स्ट्रीम में 96 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा और मेघा ने 94.6 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। ज्ञात रहे कि पिछले वर्ष भी विद्यालय की छात्रा महिमा ने नीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सरकारी एमबीबीएस सीट प्राप्त की थी। सराहनीय परीक्षा परिणाम को शिक्षकों और अभिभावकों की मेहनत का परिणाम माना जा रहा है।


गोहाना। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### सरस्वती स्कूल के 38 विद्यार्थियों ने प्राप्त की मेरिट

गोहाना। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं की परीक्षा में कटवाल गांव स्थित सरस्वती विद्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य उधम सिंह वशिष्ठ ने पुरस्कृत किया। 12वीं की परीक्षा में विद्यालय के 38 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की। 26 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी और 8 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा उतीर्ण करते हुए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। विज्ञान संकाय में छात्रा अंतिम पुत्री अनिल लाठ 470 अंकों के साथ विद्यालय की टॉपर रही। साक्षी पुत्री राजेश रभड़ा 437 अंकों के साथ विद्यालय में दूसरे और मुस्कार पुत्री सतीश भैंसवाल कलां ने 433 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में हिमांशी पुत्री सुरेंद्र रिवाड़ा 439 अंक, हिमांशु पुत्र कुलदीप रिवाड़ा 434 अंक और दिशा पुत्री महावीर मोई हुड्डा 388 अंक जबकि कला संकाय में हिमानी पुत्री नरेश 445 अंक, श्रुति पुत्री राजेश रिवाड़ा 437 अंक और रितिका पुत्री सुरेश रिवाड़ा 413 अंकों के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

## सीबीएसई ने जारी किया 12वीं का परीक्षा परिणाम

# आशा के अनुरूप परिणाम से खिले चेहरे

स्कूलों में रहा खुशी का माहौल

सोनीपत। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से बुधवार दोपहर को कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। परीक्षा परिणाम आशा के अनुरूप आने पर परीक्षार्थियों के चेहरे खिल उठे। परिणाम आने के बाद अभिभावकों व शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। परिणाम जारी होने के बाद विद्यार्थी अपने स्कूलों में पहुंचे, जहां खुशी का माहौल रहा।

### शिवा शिक्षा सदन स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत



सोनीपत। सोनीपत के शिवा शिक्षा सदन स्कूल के मेधावी विद्यार्थी।

सोनीपत। शिवा शिक्षा सदन स्कूल में सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार बंसल ने बताया कि वाणिज्य संकाय में श्रेया गोयल ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान व जिलास्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इच्छा ने 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ वाणिज्य संकाय से विद्यालय में द्वितीय स्थान, वैष्णवी वर्मा ने विज्ञान संकाय व कान्हा ने वाणिज्य संकाय में 95.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वंशिका ने 94.6 प्रतिशत, विनती ने 94.4 प्रतिशत, हेमंत ने 94.2 प्रतिशत, सानवी एवं मयंक ने 94 प्रतिशत, प्रियंशी ने 93.4, महक एवं तनिष्क ने 92, आर्यन ने 91.6, नैतिक सिंगला और कृतज्ञा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। बिजनेस स्टडीज विषय में कान्हा, श्रेया एवं जिगर ने 100 में 100 अंक प्राप्त कर किए। प्रबंधक वीरेंद्र बंसल ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी।

### छात्रा गरिमा 94.6% अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉपर



सोनीपत। आर्य कन्या वमावि में कक्षा 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्राओं ने कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में उत्कृष्ट अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधक अजय गर्ग ने बताया कि गरिमा ने 94.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। कीर्ति एवं सुभिक्षा ने 94.4 % अंक प्राप्त किए, जबकि कृतिका ने 92.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए। विषयवार परिणाम में कंप्यूटर साइंस में 100 अंक, भूगोल एवं बिजनेस स्टडीज में 99-99 अंक, इतिहास एवं रसायन विज्ञान में 98 अंक, हिंदी एवं अंग्रेजी में 97 अंक तथा शारीरिक शिक्षा में 96 अंक प्राप्त हुए।

### ब्राइट स्कॉलर स्कूल की मनस्विता रही जिले में द्वितीय



ब्राइट स्कॉलर स्कूल में सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कलां संकाय में मनस्विता जैन ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रियंवदा ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा, मुस्कान ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा व कृति ने 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवां स्थान पाया। स्कूल निदेशिका समीक्षा पंवार व प्राचार्य डॉ. किरण दलाल ने बताया कि कला संकाय में मनस्विता (98.6), प्रियंवदा (97.8), मुस्कान(97.6) क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में सेदकपाल सिंह, जयंत जैन , सहेज प्रीत सिंह प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। विज्ञान संकाय से रिया अरोड़ा, भव्य सतीजा, उत्कर्ष प्रथम व तृतीय स्थान पर रहे। एकेडमिक डायरेक्टर सीएम विज ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।







सोनीपत। मतगणना केंद्र के बाहर जांच में जुटे पुलिसकर्मी, मतगणना केंद्र के अंदर का दृश्य वमेयर राजीव जैन को कंधों पर उठाकर लाते समर्थक। फोटो : हरिभूमि

**सोनीपत नगर निगम के चुनाव परिणाम : इनेलो और निर्दलीय प्रत्याशियों की जमानत जब्त**

## कांग्रेस प्रत्याशी कमल दीवान को 23,247 मतों के अंतर से दी शिकस्त

# भाजपा ने फिर लहराया परचम राजीव जैन दूसरी बार बने मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत नगर निगम के चुनाव परिणामों ने भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन को दूसरी बार मेयर बना दिया है। इस बार पूरे 5 साल के लिये राजीव जैन ने शहर के प्रथम नागरिक होने का गौरव हासिल किया है। जैन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के कमल दीवान को 23,247 मतों के अंतर से पराजित कर मेयर की कुर्सी पर दोबारा कब्जा जमा लिया। मोहाना स्थित बिट्स संस्थान में कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई इस मतगणना प्रक्रिया में भाजपा ने पहले राउंड से ही जो बढ़त बनाई, वह अंतिम (14वें) राउंड तक लगातार बढ़ती चली गई।

मतगणना की शुरुआत सुबह करीब आठ बजे हुई। जैसे-जैसे ईवीएम से मतों का आंकड़ा बाहर आने लगा, भाजपा खेमे में उत्साह की लहर दौड़ गई। राजीव जैन को कुल 78,035 वोट प्राप्त हुए, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी कमल दीवान 54,788 वोटों पर ही पहुंच पाए। चुनाव मैदान में उतरे इनेलो प्रत्याशी आनंद कुमार को मात्र 5,210 वोटों से संतोष करना पड़ा। शहर के कुल 1,42,692 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था, जिसमें 1,606 मतदाताओं ने किसी भी प्रत्याशी को पसंद न करते हुए 'नोटा' का बटन दबाया ।



नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन



रोहतक। मतगणना केंद्र के बाहर खड़े समर्थक। फोटो : हरिभूमि

### मेयर चुनाव परिणाम

| प्रत्याशी | दल | मिले वोट |
|---|---|---|
| राजीव जैन | भाजपा | 78,035 |
| कमल दिवान | कांग्रेस | 54,788 |
| आनंद कुमार | इनेलो | 5,210 |
| रमेश खत्री नंबरदार | निर्दलीय | 1,071 |
| अनल सिंघल | निर्दलीय | 651 |
| हवा सिंह | निर्दलीय | 433 |
| चांदराम | निर्दलीय | 318 |
| डॉ. कमलेश सैनी | निर्दलीय | 305 |
| संत धर्मवीर चोटीवाला | निर्दलीय | 275 |
| नोटा | | 1,606 |

### कांग्रेस ने दी चुनौती, पर नहीं चली लहर


मतगणना के कुल 14 राउंड के दौरान कुछ मौकों पर कांग्रेस प्रत्याशी कमल दीवान ने बढ़त कम करने की कोशिश जरूर की, लेकिन वह भाजपा के मजबूत वोट बैंक में सेंध लगाने में नाकाम रहे। अधिकांश वार्डों में भाजपा प्रत्याशी को 5 से 6 हजार वोटों की निर्णायक बढ़त मिलती रही। कांग्रेस कुछ वार्डों में मामूली बढ़त बनाने में सफल रही, लेकिन वह भाजपा की बढ़त को काटने के लिए पर्याप्त नहीं थी। शहर के पॉश इलाकों से लेकर ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले वार्डों तक में भाजपा का ग्राफ काफी ऊंचा रहा।



सोनीपत। भाजपा नेता राजीव जैन को जीत के बाद हाथ मिलाकर बधाई देते हुए कांग्रेस नेता कमल दिवान। फोटो : हरिभूमि

### राजनीतिक अनुभव और पत्रकारिता का तालमेल

राजीव जैन की इस जीत के पीछे उनका चार दशकों का राजनीतिक अनुभव माना जा रहा है। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करीब 40 साल पहले की थी। राजनीति में आने से पहले वह पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहे, जिससे उनकी जनता की नब्ज पर अच्छी पकड़ रही है। वर्ष 1994 में हरियाणा विकास पार्टी (हविपा) से जुड़ने के बाद उन्होंने राजनीति की मुख्यधारा में प्रवेश किया। हालांकि वह दो बार विधानसभा चुनाव लड़े और हार गए, हालांकि अपनी पत्नी कविता जैन को लगातार दो बार विधायक बनवाया। जिसमें से एक बार के कार्यकाल में कविता जैन कैबिनेट मंत्री भी रहीं। वर्ष 2025 के मेयर उपचुनाव में पहली बार जीत दर्ज कर उन्होंने अपनी ताकत का अहसास कराया। वह पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल और मनोहर लाल के मीडिया सलाहकार के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं।



रोहतक। विजयी जुलूस में शामिल भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### विजय जुलूस में उमड़ा जनसैलाब

जीत की आधिकारिक घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाना शुरू कर दिया। राजीव जैन को फूल-मालाओं से लाद दिया गया। शहर के मुख्य बाजारों से होकर निकले विजय जुलूस में समर्थकों का हुजूम देखने को मिला। नवनिर्वाचित मेयर ने जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं की मेहनत और शहर की जनता के अटूट विश्वास को दिया। उन्होंने संकल्प दोहराया कि आने वाले समय में सोनीपत को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित करना और बुनियादी समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस परिणाम के साथ ही अब नगर निगम की नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया है।

**इनेलो और निर्दलीयों का सूपड़ा साफ:** इस चुनाव में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) और निर्दलीय प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा सके। इनेलो को मिले 5,210 वोट यह दर्शाते हैं कि शहरी राजनीति में पार्टी का वजूद कुछ खास नहीं है। निर्दलीय उम्मीदवारों में रमेश कुमार खत्री नंबरदार ने जरूर 1,071 वोट लेकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई, लेकिन अन्य प्रत्याशी मुकाबले में कहीं टिक नहीं पाए। रमेश खत्री समेत 6 प्रत्याशी नोटा से भी कम वोट प्राप्त कर पाए।

### जनता का प्यार और 54,786 वोट असली पूंजी : कमल दिवान

सोनीपत। नगर निगम चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी एवं शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने शहर की जनता के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की है। चुनाव में हार-जीत से परे, कमल दिवान ने मतदाताओं द्वारा उन पर जताए गए अटूट विश्वास को अपनी सबसे बड़ी



ताकत बताया। उन्होंने कहा कि शहर के 54,786 मतदाताओं ने जो प्यार और समर्थन उन्हें दिया है, वह उनके लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है। कमल दिवान ने कहा कि वे हार से निराश होकर बैठने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मेरा राजनीति में आने का एकमात्र लक्ष्य जनसेवा है। पद रहे न रहे, वे हमेशा की तरह सोनीपत की जनता के बीच रहकर उनके हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे। सफाई, सड़क, पानी और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर वे प्रशासन और नगर निगम को चैन से बैठने नहीं देंगे। परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कमल दिवान ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का फैसला सर्वोपरि होता है। वे सोनीपत की जनता के जनादेश का विनम्रतापूर्वक सम्मान करता है। 54,786 वोट इस बात का प्रमाण हैं कि हजारों परिवारों ने हमारे विजन को स्वीकारा है। चुनावी समर में हार-जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि हमारी टीम ने बेहतरीन चुनाव लड़ा है और यही एकजुटता भविष्य में हमारी ताकत बनेगी। उन्होंने कहा कि हम एक सजग प्रहरी की भूमिका निभाते हुए शहर के विकास कार्यों पर नजर रखेंगे। कमल दिवान ने विजेता प्रत्याशी को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे शहर की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।



सोनीपत। मतगणना केंद्र पर जीत के उपरांत भाजपा पदाधिकारी, विधायक, मेयर एवं अन्य।

### राजीव जैन ने जीते 14 में से 13 राउंड दिवान के काबू आया एक राउंड

सोनीपत। नगर निगम चुनावों की मतगणना में राउंड दर राउंड भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन बढ़त बनाते ही चले गए। मतगणना के पहले ही राउंड से भाजपा ने 2,940 वोटों की बढ़त बना ली थी। 14 राउंड की गिनती में केवल एक राउंड ऐसा था, जहां भाजपा की बजाए कांग्रेस ने बढ़त ली। राउंड 12 में कांग्रेस को 5255 मत मिले, जबकि भाजपा को 5241 मत मिले। केवल एक राउंड में 14 मतों की बढ़त कांग्रेस को मिली। भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन ने कांग्रेस के कमल दीवान को 23,247 मतों के अंतर से पराजित कर मेयर की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया। बुधवार को हुई मतगणना के दौरान भाजपा ने शुरू से ही बढ़त बनाए रखी, जो अंतिम चरण तक अटूट रही। मोहाना स्थित बिट्स संस्थान में कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई इस मतगणना प्रक्रिया में राजीव जैन को कुल 78,035 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी कमल दीवान 54,788 वोटों पर सिमट गए। चुनाव परिणामों के आंकड़ों के अनुसार, शहर के मतदाताओं ने एक बार फिर भाजपा पर अपनी मुहर लगाई है।

### प्रत्याशियों के परिवारों व समर्थकों ने मशीनों से छेड़छाड़ का लगाया आरोप

सोनीपत। मोहाना स्थित बिट्स में बुधवार को मतगणना के दौरान वार्ड नंबर 11 व 12 में लापरवाही बरतने के आरोप सामने आए हैं। हारे प्रत्याशियों के परिवारों व समर्थकों ने मतगणना केंद्र के अंदर और फिर बाहर आकर जमकर बवाल काटा। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां पर मशीनें बदली हुई पकड़ी गई हैं। उनकी 111 नंबर बूथ की मशीन नंबर 25665 थी। इसके अलावा 17 नंबर फार्म पर किए गए साइन भी चैक करा दिए गए हैं। इसके बाद मशीन नंबर 25655 मिली, जिस पर ड्यूटी कर्मी के साइन भी मैच नहीं कर रहे हैं। 111 नंबर बूथ की मशीन पर पीछे 103 नंबर लिखा मिला है। यह गलती भी सामने आई है। उन्होंने किसी मशीन पर साइन भी नहीं किए हैं। इसके अलावा 142 नंबर बूथ की मशीन से बीच की सील गायब मिली है। परिजनों ने बताया कि यह केवल वोट चोरी का काम है। हमने डार्क ब्ल्यू कलर की पोटियां पैक करवाई थी, जबकि अब यहां स्काई ब्ल्यू कलर की पेटियां खुल रही हैं।

### राउंड-दर-राउंड मतगणना का पूरा विवरण

| राउंड | भाजपा (राजीव जैन) | कांग्रेस (कमल दीवान) | बढ़त/अन्तर |
|---|---|---|---|
| राउंड 1 | 6,980 | 4,040 | भाजपा +2,940 |
| राउंड 2 | 5,903 | 5,182 | भाजपा +721 |
| राउंड 3 | 6,368 | 3,126 | भाजपा +3,242 |
| राउंड 4 | 6,285 | 3,644 | भाजपा +2,641 |
| राउंड 5 | 6,377 | 4,324 | भाजपा +2,053 |
| राउंड 6 | 5,848 | 4,366 | भाजपा +1,482 |
| राउंड 7 | 5,628 | 3,475 | भाजपा +2,153 |
| राउंड 8 | 6,168 | 3,039 | भाजपा +3,129 |
| राउंड 9 | 5,469 | 3,625 | भाजपा +1,844 |
| राउंड 10 | 5,633 | 5,415 | भाजपा +218 |
| राउंड 11 | 4,968 | 4,420 | भाजपा +548 |
| राउंड 12 | 5,241 | 5,255 | कांग्रेस +14 |
| राउंड 13 | 6,000 | 4,201 | भाजपा +1,799 |
| राउंड 14 | 1,165 | 674 | भाजपा +491 |
| कुल | 78,035 | 54,788 | भाजपा +23,247 |

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## लिवान और जाट जोशी ने कांग्रेस तो राई ने भाजपा की मदद की

# जहां मतदान प्रतिशत अच्छा, वहां कांग्रेस को बढ़त

- अपने ही बूथ पर हार गए कांग्रेस प्रत्याशी, भाजपा प्रत्याशी ने अपने बूथ पर बनाई बढ़त
- विधायक और पूर्व विधायक के बूथों पर भी भाजपा को मिली बढ़त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

तीन दिन पहले रविवार को जब मतदान हुआ था। उस समय पूरे जिले के कुल 2,96,045 मतदाताओं में से 1,42,688 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था और कुल मतदान प्रतिशत 48.2 फीसदी रहा था। चुनावी आंकड़ों से स्पष्ट हो गया था कि ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह रहा, जबकि शहरी क्षेत्रों की सुस्ती ने कुल प्रतिशत को प्रभावित किया।

सबसे अधिक 90.08 फीसदी मतदान वाले लिवान गांव के बूथ नंबर-240 पर कांग्रेस प्रत्याशी कमल दीवान को 747 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन को केवल 140 मत प्राप्त हुए। इसी तरह बूथ नंबर-257 जाट जोशी गांव में कमल दीवान को 335 और राजीव जैन को 278 वोट मिले। हालांकि राई क्षेत्र के बूथ नंबर-258, 259 और 260 पर भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन ने बढ़त बनाई। बूथ-258 पर उन्हें 565, बूथ-259 पर 513 और बूथ-260 पर 553 वोट मिले। वहीं सबसे कम मतदान वाले बूथ नंबर-228 बैंयापुर में भाजपा और कांग्रेस के बीच मामूली अंतर रहा। यहां कमल दीवान को 47 और राजीव जैन को 41 वोट मिले।

### ये रही दिग्गजों की स्थिति

सेक्टर-15 के बूथ नंबर-104 पर जोकि कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान का बूथा था। वहां पर राजीव जैन को 151 और कांग्रेस प्रत्याशी कमल दीवान को 128 मत मिले। बूथ नंबर 223 जोकि विधायक निखिल मदान का था, यहां पर भी भाजपा को बढ़त मिली, जहां राजीव जैन को 340 और कमल दीवान को 220 वोट प्राप्त हुए। बूथ नंबर-61 पर भाजपा प्रत्याशी को 416 और कांग्रेस प्रत्याशी को 179 वोट मिले। जोकि भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन का अपना बूथ था यही बूथ कांग्रेस के पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार का भी था।

## नगर निगम चुनाव : भाजपा के 17 और कांग्रेस के 5 पार्षद बने

सोनीपत। नगर निगम चुनाव के अंतर्गत 10 मई को मतदान प्रक्रिया के बाद बुधवार को मतगणना का कार्य किया गया। मतगणना के बाद 22 वार्ड पार्षदों के पदों पर भाजपा के 17 व कांग्रेस के 5 प्रत्याशियों ने अपनी जीत दर्ज की। मोहाना स्थित बिट्स में सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक हुआ मतगणना का कार्य हुआ। कुछ नए नवनिर्वाचित पार्षदों ने अपनी जीत दर्ज कर पार्टी की झोली में सीट डाली।

- मोहाना स्थित बिट्स में सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक हुआ मतगणना का कार्य

**वार्ड-1**

जीते- जयकुमार कांग्रेस 3240
हारे- हरिप्रकाश, भाजपा 2970
नोटा -58
जीत का अंतर 270

**वार्ड-2**

जीते- मुकेश कुमार भाजपा 3405
हारे- सुरेंद्र नैय्यर, निर्दलीय 1872
नोटा- 123
जीत का अंतर- 1533

**वार्ड 3**

जीते-सुरेंद्र मदान भाजपा 3732
हारे-अनुज छाबड़ा कांग्रेस 2651
नोटा-58
जीत का अंतर 1081

**वार्ड नंबर 4**

जीते- त्रिभुवन कौशिक भाजपा 3437
हारे- पायल मलिक कांग्रेस 2067
नोटा-75
जीत का अंतर-1370

**वार्ड नं- 05**

जीते- रीना सैनी भाजपा 4066
हारे- नीरज दलेल निर्दलीय- 3675
नोटा-67
जीत का अंतर-391

**वार्ड-06**

जीते- निशा भाजपा- 3323
हारे- सिल्की निर्दलीय- 2150
नोटा-49
जीत का अंतर- 1173

**वार्ड नं- 7**

जीते- मुनीराम भाजपा- 1708
हारे- बिजेंद्र कांग्रेस - 1437
नोटा- 27
जीत का अंतर- 271

**वार्ड- 8**

जीते-कुनाल कौशिक भाजपा- 1527
हारे- पवन कुमार कांग्रेस - 1186
नोटा-15
जीता का अंतर 341

**वार्ड - 9**

जीते- मीना भाजपा - 3028
हारे- आशा रानी कांग्रेस - 2893
नोटा-61
जीत का अंतर- 135

**वार्ड -10**

जीते- संजय कुमार भाजपा- 3345
हारे-सतपाल कांग्रेस - 2088
नोटा - 64
जीत का अंतर 1257

**वार्ड - 11**

जीते - संगीता भाजपा- 4238
हारे-कविता रानी कांग्रेस - 3272
नोटा - 84
जीत का अंतर 966

**वार्ड -12**

जीते- साधना तनेजा भाजपा - 3238
हारे- अंजली कांग्रेस - 1471
नोटा - 55
जीत का अंतर- 1767

**वार्ड -13**

जीते-महेश लूथरा भाजपा- 3540
हारे- दीपक चावला कांग्रेस - 1896
नोटा - 69
जीत का अंतर- 1644

**वार्ड -14**

जीते-किरण चांदना भाजपा- 3599
हारे- रितिका कांग्रेस - 1432
नोटा - 81
जीत का अंतर 1967

**वार्ड -15**

जीते-संजीव वलेचा भाजपा- 4329
हारे-संतोष शर्मा कांग्रेस - 1990
नोटा -62
जीत का अंतर- 2339

**वार्ड -16**

जीते-अनुराग जैन कांग्रेस - 2500
हारे-नवीन कुमार, भाजपा- 2470
नोटा -59
जीत का अंतर-30

**वार्ड -17**

जीते-सुनीत भाजपा 2947
हारे- राजेश कांग्रेस - 960
नोटा - 46
जीत का अंतर-1987

**वार्ड -18**

जीते-सुनीता देवी भाजपा- 3571
हारे-सोनम कांग्रेस - 2094
नोटा -93
जीत का अंतर-1477

**वार्ड -19**

जीते- राजेश कांग्रेस - 2754
हारे-अनिल ठाकुर भाजपा - 1509
नोटा - 29
जीत का अंतर-1245

**वार्ड -20**

जीते- राजकुमार भाजपा - 3337
हारे- देवेंद्र सिंह, कांग्रेस - 2890
नोटा - 54
जीत का अंतर- 447

**वार्ड -21**

जीते- दीपमाला कांग्रेस - 2137
हारे- सुमन भाजपा - 1792
नोटा - 42
जीत का अंतर 345

**वार्ड -22**

जीते- नवीन कुमार कांग्रेस - 2198
हारे-सतपाल सिंह भाजपा- 1832
नोटा -32
जीत का अंतर- 366

### तीन वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी रहे दूसरे स्थान पर

चुनाव परिणामों में तीन वार्ड ऐसे भी थे, जहां पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपनी ताकत का अहसास कराया। इसमें वार्ड 2, 5 व 6 शामिल हैं। वार्ड 2 में निर्दलीय प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह नैयर (1872 वोट) दूसरे स्थान पर रहे। इस वार्ड में तीसरे स्थान पर पवन, कांग्रेस (1576 वोट) रहे। वार्ड 5 में निर्दलीय प्रत्याशी नीरज दलेल सिंह (3675 वोट) दूसरे स्थान पर रहे। इस वार्ड में तीसरे स्थान पर बिंदिया चोपड़ा, कांग्रेस (924 वोट) रहीं। वहीं वार्ड 6 में निर्दलीय प्रत्याशी सिल्की (2150 वोट) दूसरे स्थान पर रहीं। इस वार्ड में तीसरे स्थान पर सोनिया, कांग्रेस (1661 वोट) रहीं।



सोनीपत। मतगणना केंद्र के बाहर आकर रोष जताते प्रत्याशी के परिजनों व समर्थक।